कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 28.03.2026**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 27.03.2026** की संबंधित सूचना निम्नवत् है –

01. थाना नन्दगंज पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाईकिल के साथ 02 चोरों को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक- 27.03.2026 को उ0नि0 रमेश कुमार मय हमराह के साथ देखभाल क्षेत्र,रोकथाम जुर्म जरायम व पेण्डिंग मुकदमों की विवेचना में पहलावनपुर पुलिया पर मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2026 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बंधित चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 नफर अभियुक्त मंजीत कुमार पुत्र रणजीत उर्फ गुड्डू व कृष्णा कुमार पुत्र राम प्रकाश को पिपरही, बडहरा गांव के तरफ के रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दोनों ने इस मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस को दिनांक 12.03.2026 को कस्बा नंदगंज के सोहराब बाबा मजार के पास से दोपहर में चुराया था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण नाम व पता-

1. मंजीत कुमार पुत्र रणजीत उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम कुर्बान सराय थाना नंदगंज जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष
2. कृष्णा कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम सलेमपुर थाना नंदगंज जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष

आपराधिक इतिहास – मु0अ0सं0 89/2026 धारा 303(2) बीएनएस

गिरफ्तारी का स्थान - पिपरही, बडहरा गांव के तरफ के रास्ते मे, थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर